## **न्यायालय अतिरिक्त कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चितौड़गढ़ (राज.)**

पीठासीन अधिकारी **प्रभा गौतम,** आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या 118/2023 (रा.गु.नि.)
पंजीयन दिनांक 11.08.2023
G.C.M.S. NO. :-2023/118

सरकार जरिये पुलिस अधीक्षक जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

–प्रार्थी

बनाम

श्री समीर खाँ पिता मुबारिक खाँ मुसलमान उम्र 18 वर्ष, निवासी कन्नौज थाना भदेसर हाल महर्षि दाधिच नगर, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़ थाना सदर चित्तौड़गढ़, जिला चित्तौड़गढ़

–गैरसायल

**कार्यवाही : अन्तर्गत धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम,1975**

उपस्थिति : 1– अभियोजन अधिकारी, राजकीय पैरोकार
2–श्री जाहिद रजा, अधिवक्ता गैरसायल

**निर्णय**

दिनांक 08.12.2025

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा गैरसायल के विरूद्ध राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1975 धारा 3 के तहत इस आशय की रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि गैरसायल हाल महर्षि दाधिच नगर, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़, जिला चितौड़गढ़ का निवासी होकर उक्त व्यक्ति आपराधिक प्रवृति का है। दिनों–दिन इसकी आपराधिक गतिविधियां बढती ही जा रही है। यह अवैध कृत्य कर अवांछनीय समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। इस व्यक्ति के भय से आम जनता इतनी भयभीत है कि कोई भी व्यक्ति इसके विरूद्ध गवाही देने का साहस ही नही करता है। अतः गैरसायल के विरूद्ध राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1975 धारा 3 के तहत कार्यवाही की जावे।

Web Copy - Not Official

| प्रकरण संख्या 118/2023 (रा.गु.नि.) |
|---|
| सरकार जरिये पुलिस अधीक्षक जिला चित्तौड़गढ़ बनाम श्री समीर खाँ पिता मुबारिक खाँ मुसलमान, निवासी कन्नौज हाल महर्षि दाधिच नगर, कुम्भानगर, चित्तौड़गढ़ थाना सदर चित्तौड़गढ़ जिला-चित्तौड़गढ़ |

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायल को तलब कर नोटिस सुनाया गया। गैरसायल की ओर से अधिवक्ता श्री जाहिद रजा द्वारा अधिकार पत्र प्रस्तुत किया। गैरसायल ने नोटिस सुन-समझ कर आरोप अस्वीकार किये एवं जवाब प्रस्तुत कर ट्रायल चाही जिससे गैरसायल को आगामी तारीख पेशी पर उपस्थित होने हेतु जमानत एवं मुचलके प्रस्तुत करने के आदेश दिये। गैरसायल द्वारा आदेश की पालना में मुचलका एवं जमानत पत्र प्रस्तुत किये जिसे शामिल पत्रावली किया गया।

अभियोजन अधिकारी द्वारा साक्ष्य पैरवी में श्री प्रभूलाल पिता कान्हा जी बैरवा, निवासी नेगडिया कलां हाल थाना सदर निम्बाहेड़ा के बयान कराये। अधिवक्ता गैरसायल ने गैरसायल की ओर से कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करके सीधे बहस हेतु निवेदन किया।

अभियोजन अधिकारी, पैरोकार सरकार का मुख्य कथन यह रहा कि गैरसायल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है, दिनों-दिन इसकी आपराधिक गतिविधियां बढती ही जा रही है। यह व्यक्ति चोरी एवं समाज विरोधी अवांछनीय कृत्य करने का आदि है। इस व्यक्ति के भय से जनता इतनी भयभीत है कि कोई भी व्यक्ति इसके विरूद्ध गवाही देने का साहस ही नही करता है। गैरसायल के विरूद्ध कुल 03 प्रकरण दर्ज हुए हैः-

1- प्र.सं. 171/2018 धारा 379 भादस
2- प्र.सं. 179/2018 धारा 379 भादस
3- प्र.सं. 81/2018 धारा 379 भादस

गैरसायल के उक्त तीनों ही प्रकरण जैर ट्रायल चल रहे हैं। उक्त प्रकरण में उपस्थित गवाहान ने भी अपने बयान में गैरसायल का आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होना व किसी भी व्यक्ति द्वारा इसके भय के कारण साक्ष्य नही देने के संबंध में इस्तगासे में अंकित तथ्यों की पुष्टि की है। गैरसायल के विरूद्ध दर्ज उक्त प्रकरणों के तथ्यों के आधार पर उसे गुण्डा घोषित करने के पर्याप्त आधार उपलब्ध है। अतः गैरसायल को गुण्डा घोषित करते हुए इस जिले से 6 माह की अवधि के लिए निष्काषित करने के आदेश फरमाये जावे।

Web Copy - Not Official

गैरसायल के अधिवक्ता का मुख्य कथन यह रहा कि गैरसायल के विरूद्ध द्वेषतावश गुण्डा एक्ट में कार्यवाही प्रस्तुत की है। गैरसायल के खिलाफ ऐसा कोई आपराधिक मामला निर्णित नहीं हुआ है जिससे आम जनता में भय व्याप्त हो, या आम जनता की सम्पत्ति का नुकसान हो रहा हो। गैरसायल भारतीय दण्ड संहिता के अध्याय 15, 17 व अध्याय 22 के अधीन आने वाले अपराध करने की दुष्प्रेरणा मे न तो लगा हुआ है और न ही ऐसे अपराध कर रहा है। वर्ष 2018 के बाद गैरसायल के विरूद्ध किसी भी धारा के अपराधिक मामले दर्ज नही हुए है तथा किसी भी मुकदमें में गैरसायल को दोषी नही ठहराया गया है। गैरसायल गरीब व्यक्ति होकर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का बडी मेहनत से शान्तिपूर्वक भरण पोषण कर रहा है। मोहल्ले में कभी कोई शान्ति भंग नही की है, जिससे मोहल्ले में विपरीत प्रभाव पड़ता हो। गैरसायल के विरूद्ध किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई शिकायत पुलिस में दर्ज नही कराई है। अतः सहानुभूति का रूख अपनाते हुए प्रकरण खारिज फरमाया जावे।

हमने उभय पक्ष की बहस पर मनन किया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत इस्तगासा एवं उपलब्ध अन्य अभिलेखों का गहनता से अवलोकन किया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से स्पष्ट है कि गैरसायल के विरूद्ध वर्ष 2018 में कुल 03 प्रकरण दर्ज हुए हैं उक्त तीन प्रकरणों में से एक प्रकरण संख्या 179/2018 भादस में गैरसायल को दिनांक 11.02.2019 को दोषमुक्त किया जा चुका है तथा शेष 02 प्रकरण जैर ट्रायल चल रहे हैं। गैरसायल के विरूद्ध उक्त दर्ज 03 ही प्रकरण वर्ष 2018 में दर्ज होकर तीन मे से 01 प्रकरण का निस्तारण हो चुका है जिसमें गैरसायल को दोषमुक्त किया जा चुका है तथा शेष 02 प्रकरण जैर ट्रायल चल रहे हैं तथा वर्ष 2018 के बाद गैरसायल के विरूद्ध कोई प्रकरण दर्ज नही होना प्रतिवेदित है तथा इसके बाद गैरसायल का जिले एवं उसके किसी भाग में धारा (2) के खण्ड (ब) के उपखण्ड 1 से 8 में वर्णित कार्य करने में रत होना एवं उनके दुष्प्रेरण में लगा हुआ होना भी नही पाया गया।

अतः गैरसायल को भविष्य में इस प्रकार के कृत्य नहीं करने की चेतावनी देते हुए, उसकी छोटी उम्र एवं उसके परिवार की परिस्थितियों को मध्यनजर रख, सहानुभूति रखते हुए प्रार्थी द्वारा राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम,1975 धारा 3 के तहत गैरसायल को गुण्डा घोषित किये जाने हेतु प्रस्तुत इस्तागासा खारिज किया जाता है।

'निर्णय खुले न्यायालय मे सुनाया गया।'

**(प्रभा गौतम)**

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official